# कार्यालय जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, पिथौरागढ़।

पत्रांक 102 / एम0बी0ए0डी0पी0/2024–25 दिनांक– 27 मई 2024

खण्ड विकास अधिकारी,
कनालीछीना ।

मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में ग्राम पंचायत पाली में समूह की आजीविका बढ़ाने हेतु बेकरी यूनिट की स्थापना हेतु रू0 15.00 लाख स्वीकृत किया गया था, जिसके सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि विकास खण्ड को उपलब्ध करा दी गयी है।

संज्ञान में आया है कि बेकरी यूनिट से संबंधित समूहों को बेकरी कार्य का प्रशिक्षण नहीं दिया गया है, फलस्वरूप बेकरी की मशीनें वर्तमान में भी निष्प्रयोज्य पड़ी हुई है। जिससे योजना के उद्देश्य की पूर्ति नहीं हुई है तथा शासकीय धनराशि का दुरूपयोग होना प्रतीत होता है।

अतः बेकरी यूनिट का भौतिक सत्यापन करते हुए बेकरी यूनिट के संचालन एवं प्रशिक्षण के संबंध में अपनी विस्तृत आख्या तीन दिन के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को गम्भीरता से लिया जायेगा।

परियोजना निदेशक,
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण,
पिथौरागढ़।

प्रतिलिपि– मुख्य विकास अधिकारी महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।

परियोजना निदेशक,
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण,
पिथौरागढ़।